# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
# बैकुण्ठपुर कोरिया (छ0ग0)


• [ NAAC Accredited – " B" Grade ] महाविद्यालय कोड संख्या :– 3702

Web Site = www.govtngcbkp.com Email Address = navingirls.bkp@gmail.com Phone No. = 9425256687


## सत्र 2023–24 के आई.क्यू.ए.सी. की बैठकों की कार्यवाही विवरण प्रतिवेदन

सत्र 2023–24 में आई.क्यू.ए.सी. की कुल चार मुख्य बैठकें संपन्न हुई. ये बैठके क्रमशः 16.09.2023, 05.12.2023, 30.01. 2024 एवं 27.05.2024 को संपन्न हुई, बैठकों में चर्चा किए गए सभी बिंदुओं पर कार्यवाही विवरण अग्रलिखित हैं,

1. नियमित रूप से ऑफलाईन मोड कक्षाओं के माध्यम से समस्त कक्षाओं के समस्म विषयों का समयानुसार पाठ्यक्रम पूरा किया गया एवं आवश्यकतानुसार ऑनलाईन कक्षाओं का भी आयोजन किया गया।
2. समस्त नव–प्रवेशित छात्राओं का प्रवेश उपरांत अभिमुखीकरण कार्यक्रम के माध्यम से परिचय सम्मेलन संपन्न हुआ एवं समस्त छात्राओं को महाविद्यालय एवं उच्च शिक्षा से संबंधित समस्त आचार संहिता की जानकारी प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा प्रदान की गई।
3. आई.सी.टी. को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजिटल बोर्ड एवं इम्ट्रैक्टिव फ्लेट पैनल के माध्यम से सेमिनार एवं कक्षाएं आयोजित किए गए।
4. राज्य शासन एवं विश्वविद्यालय से प्राप्त एकेडमिक कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय का एकेडमिक कैलेंडर 2023–24 तैयार किया गया एवं वर्षभर उसे पूर्णतः पालन किया गया।
5. स्लो–लर्नर एवं एडवांस लर्नर के लिए पृथक समय–सारणी बनाई गई एवं उसका संपूर्ण पालन किया गया।
6. महाविद्यालय के सर्वांगिण विकास के लिए नियमानुसार समस्त समितियों, प्रकोष्ठ इत्यादि का गठन किया गया एवं उनके माध्यम से नियमानुसार वर्षभर विभिन्न अकादमिक, बौद्विक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
7. समस्त कक्षाओं हेतु पूर्व–निर्धारित समय सारणी के अनुसार आंतरिक मासिक मूल्यांकन हेतु कक्षाओं में परीक्षाएं आयोजित की गई तथा उनका आंतरिक मूल्यांकन अंक प्रदान करने के साथ–साथ आवश्यक अकादमिक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए।
8. मेंटी–मेंटोर कार्ययोजना क अंतर्गत आनुपातिक रूप से समस्त शिक्षकों द्वारा छात्राओं की समस्याओं का समाधान किया गया तथा मानसिक रूप से उन्हें मजबूत बनाने का कार्य किया गया।
9. महाविद्यालय की समस्त छात्राओं के लिए गत शिक्षण सत्र 2021–22 में एकरूपता के उद्देश्य से जो ड्रेसकोड लागु किया गया था, उसे शिक्षण सत्र 2023–24 में भी छात्राओं की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए परिपालन किया गया।
10. शासन द्वारा देय छात्रवृत्ति से अधिकाधिक पात्र छात्राओं को लाभान्वित करना सुनिश्चित किया गया।
11. महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालयीन स्तर पर कुल चार वैल्यु एडेट कोर्स चलाए गए और पाठ्यक्रम समाप्ति के उपरांत परीक्षा आयोजित की गई एवं उत्तीर्ण छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।
12. पूर्व में स्थापित महाविद्यालयीन प्रयोगशाला में महाविद्यालयीन छात्राओं द्वारा बेस्ट ऑफ द बेस्ट थीम के अंतर्गत विभिन्न क्रियाकलाप संपन्न किए गए।
13. महाविद्यालयीन स्किल डेव्हलपमेंट सेंटर(कौशल विकास केंद्र)के अंतर्गत विद्यार्थियों के स्वयं निर्मित कला–कृतियो के निर्माण प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक की व्यवस्था की गई तथा इन कला–कृतियों के विक्रय कर स्वरोजगार हेतु छात्राओं को मंच प्रदान किया गया।
14. शिक्षण सत्र 2023–24 की मुख्य परीक्षा का विश्वविद्यालय एवं राज्यशासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार ऑफलाईन मोड पर सफलतापूर्वक आयोजन तीन पालियों में संपन्न हुआ।
15. महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने शोध–पत्रों के प्रकाशन करवाने पर उससे संबंधित फीस/शुल्क का 50 प्रतिशत राशि महाविद्यालय द्वारा वहन किया गया।
16. सत्र के दौरान महाविद्यालय के पुस्तकालय में समस्त कक्षाओं के पाठ्यक्रम टेक्स्ट बुक एवं आवश्यकतानुसार रिफरेंस बुक क्रय कर शामिल किए गए, जिससे महाविद्यालयीन छात्राओं के अध्ययन सुचारू रूप से संपन्न हो पाया।
17. महाविद्यालय की साफ–सफाई एवं हरियाली को दृष्टिगत रखते हुए गठित समिति के माध्यम से समय–समय पर महाविद्यालयीन साफ–सफाई का निरीक्षण किया एवं यथानुसार कमियों को दूर किया।
18. कोविड–19 महामारी के दौरान अस्थाई रूप से बंद कैंटीन को पुनः शुरूवात सत्र 2022–23 में किया गया था उसे समयानुसार छात्राओं के मांग के अनुसार अद्यतन सुविधायुक्त किया गया एवं सत्रभर उसका उचित संचालन भी संपन्न हुआ।
19. रेडक्रॉस के अंतर्गत महाविद्यालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ इस दौरान एक हेल्थ कैम्प का आयोजन भी किया गया जिसमें शासकीय चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की।
20. 'स्वीप' कार्यक्रम के अंतर्गत अनेकानेक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुए।
21. अर्धवार्षिक एवं प्री–फाईनल परीक्षाओं का आयोजन समस्त कक्षाओं के लिए सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।
22. N.S.S. का सात–दिवसीय विशेष शिविर ग्राम शंकरपुर में दिनांक 17 जनवरी 2024 से 23 जनवरी 2024 तक सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।
23. शिक्षण सत्र 2023–24 के दौरान नियमानुसार आई.क्यू.ए.सी. का पुनर्गठन किया गया।

24. महाविद्यालय में इसी शिक्षण सत्र से कुल पांच नये स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की कक्षाएं शुरू हुईं जो कि क्रमशः एम.कॉम, एम.ए. अर्थशास्त्र, एम.ए. हिन्दी, एम.एससी. वनस्पतिशास्त्र एवं एम.एससी.जन्तुविज्ञान है। इसके लिए समस्त आवश्यक वैधानिक कार्यवाही को पूरा किया गया। इस तरह गत शिक्षण सत्र में कुल छः स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की कक्षाएं संचालित हुईं।

25. महाविद्यालयीन पुस्तकालय में वर्तमान शिक्षण सत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक पुस्तकों की खरीदी की गई।

26. उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त एवं महाविद्यालय द्वारा तैयार किये गये आंतरिक अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार समस्त अकादमिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित एवं सफलतापूर्वक संपन्न किए गए।

27. महाविद्यालय में सत्र के दौरान छात्राओं एवं महाविद्यालयीन कर्मचारियों–अधिकारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई आवश्यक कार्यशालायें आयोजित किए गए जिनके विषय क्रमशः बौद्धिक संपदा अधिकार (आई.पी.आर.), कम्यूनिकेशन किल्स विदआउट स्किल्स, रिसर्च मेथेडोलॉजी एंड एथिक्स एवं इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी इन टीचिंग एवं लर्निंग प्रोसेस।

28. पांचों नवीन स्नातकोत्तर कक्षाओं के संचालन हेतु विश्वविद्यालय से संबद्धता–मान्यता प्राप्त करने के लिए नियमानुसार विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित अधिकारियों से निरीक्षण कराकर संबद्धता कार्य पूर्ण किया गया।

29. महाविद्यालय में आंतरिक वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता पूर्व नियोजित समय सारणी के अनुसार संपन्न किया गया।

30. महाविद्यालय में ऑफलाईन मोड पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का विषय था एनईपी 2020: पासिबिलिटिस एंड प्रोस्पेक्ट्स था।

31. प्रतिभाशाली छात्राओं के द्वारा दीवार चित्रकारी (वाल पेंटिंग) का कार्य महाविद्यालयीन मुख्य मंच के पृष्ट दीवार पर एवं प्राणीशास्त्र के अजायब घर की दीवारों में पूर्ण किया गया। इस कार्य का संपूर्ण व्यय महाविद्यालय द्वारा वहन किया गया।

32. प्राणीशास्त्र विभाग की छात्राओं द्वारा स्वयं के कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रभारी शिक्षकों के मार्गदर्शन में एक अजायब घर (म्युजियम) का निर्माण पूर्ण किया गया। इस बावत समस्त व्यय महाविद्यालय द्वारा वहन किया गया।

33. महाविद्यालय के आधारभूत अधोसंरचना में भी निम्नवत् विकास किया गया –
   (i) महाविद्यालयीन भवन के समस्त हिस्से के बाहरी दीवारों पर रंग रोगन का कार्य पूर्ण किया गया।
   (ii) एक सेट नया सोफा सेट महाविद्यालय में आगन्तुकों के उपयोग हेतु क्रय किया गया।
   (iii) शिक्षकों के बैठक कक्ष के दीवार की रैक पर कांच लगाने का कार्य पूर्ण किया गया।
   (iv) गाड़ी पार्किंग स्थल में अतिरिक्त शेड का निर्माण किया गया।

34. एलुमनाई (पुरा छात्राओं) का बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये गये।

35. महाविद्यालय की समस्त भूतपूर्व छात्राओं को क्यू.आर. कोड स्कैनिंग के माध्यम से फीडबैक फार्म भरने की सुविधा की शुरूआत की गई।

36. छात्राओं के कौशल विकास के अंतर्गत छात्राओं को अर्थशास्त्र विभाग के अंतर्गत बांस के गुलदस्ते बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस संबंध में समस्त व्यय महाविद्यालय द्वारा वहन किया गया।

37. महाविद्यालय में एनर्जी ऑडिट एवं ग्रीन ऑडिट का कार्य संपन्न हुआ।

38. महाविद्यालय में वृहद–स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुए।

39. सत्र 2023–24 के दौरान महाविद्यालय में गठित कैरियर डेव्हलपमेंट एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा एक रोजगार मेला आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए।

40. शिक्षण सत्र 2022–23 से संबंधित ए.क्यू.ए.आर. सफलतापूर्वक नैक पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया।

डॉ0 सुमित कुमार डे
समन्वयक आई.क्यू.ए.सी.

डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप
प्राचार्य
**PRINCIPAL**
**Govt. Naveen Girls College**
**Baikunthpur, Korea C.G**

सदस्यगण
1. श्रीमती कनकलता पैकरा
2. श्री बिक्की राम
3. श्रीमती अल्का दुबे
4. श्री के.जेड.उस्मानी
5. श्री विनय मोहन भट्ट
6. श्रीमती आशा महेश साहू
7. श्रीमती सौभाग्यवती सिंह खुसरो
8. कु0 सुदर्शना नाहक
9. कु0 अदिति गुप्ता
10. कु0 शिखा जैन
11. कु0 ऋचा श्रीवास्तव
12. कु0 कौशर बानो
13. श्री गिरीश चन्द्र राजपूत